तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 9 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 नपा अध्यक्ष एवं पार्षदों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ



## खबर संक्षेप

### 13 केन्द्रों में होगी प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा

**अंबिकापुर।** छग व्यापमं द्वारा आयोजित प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा 9 मार्च को प्रातः 10 बजे से 12.15 बजे तक जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा में कुल 7 हजार 120 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रयोगशाला सहायक परीक्षा के संचालन के लिए नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर ने पीजी कॉलेज में आयोजित बैठक में परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।




## भारी गहमा गहमी के बीच पूर्ण हुआ चुनाव, अंबिकापुर में विक्रम सोनपाकर बने अध्यक्ष, सतीश यादव उपाध्यक्ष

# अंबिकापुर और उदयपुर जनपद पंचायत में कांग्रेस, मैनपाट में भाजपा का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को सरगुजा की तीन जनपद पंचायतों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए भारी गहमागहमी के बीच चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चुनाव के दौरान दो जनपदों में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है जबकि एक जनपद पर भाजपा ने कब्जा जमाया है जबकि इसके पहले चार जनपदों में भाजपा कब्जा जमा चुकी है। इस तरह सरगुजा जिले की सात जनपद पंचायतों में से पांच पर भाजपा समर्थित और दो पर कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष उपाध्यक्ष जीतकर आए है जबकि शहर के अंबिकापुर जनपद पंचायत में कांग्रेस ने जीत हासिल की है।

**खास बात**
- उदयपुर में ओमप्रकाश सिंह अध्यक्ष व सिद्धार्थ सिंह देव उपध्यक्ष

बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत शनिवार को अंबिकापुर, उदयपुर और मैनपाट जनपद पंचायतों में अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। इसमें अंबिकापुर जनपद पंचायत की बात की जाए तो यहां कुल 25 जनपद सदस्य है और अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से विक्रम सोनपाकर और उपाध्यक्ष के लिए सतीश यादव को मैदान में उतारा था जबकि भाजपा ने अध्यक्ष पद के लिए राम शरण सिंह व उपाध्यक्ष पद के लिए विजय व्यापारी को मैदान में उतारा था। चुनाव के दौरान भारी गहमा गहमी के बीच मतदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई। मतदान उपरान्त चुनाव में कांग्रेस के विक्रम सोनपाकर ने एक मत से जीत दर्ज की। उन्हें चुनाव में 13 मत मिले जबकि भाजपा प्रत्याशी राम शरण सिंह को 12 मत मिले जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए सतीश यादव ने सात मतों से जीत दर्ज की है। चुनाव के दौरान कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रत्याशी सतीश यादव को 16 मत मिले है जबकि भाजपा प्रत्याशी विजय व्यापारी को चुनाव में 9 मत मिले। बड़ी बात यह है कि चुनाव के दौरान भाजपा समर्थित उपाध्यक्ष प्रत्याशी को क्रास वोटिंग का सामना करना पडा।


पूर्व डिप्टी सीएम के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष।

### उदयपुर में भारी हंगामे के बीच जीती कांग्रेस

शनिवार को उदयपुर जनपद पंचायत में भारी हंगामे और विवाद के बीच कांग्रेस ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष की सीट पर अपना कब्जा जमाया। उदयपुर जनपद पंचायत में कुल 13 जनपद सदस्य जीतकर आए है। इस बार चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस ने ओमप्रकाश सिंह व उपाध्यक्ष पद के लिए सिद्धार्थ सिंहदेव को मैदान में उतारा था जबकि भाजपा की ओर से अध्यक्ष पद के लिए मुन्ना सिंह व उपाध्यक्ष पद के लिए शकुन्तला सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया था। सोमवार को भारी गहमा गहमी के बीच अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव शुरू हुआ। चुनाव को लेकर कांग्रेस के सिद्धार्थ सिंहदेव, ओमप्रकाश सिंह व श्रवण वरकड़े वाहन से उतरकर जनपद पंचायत की ओर जा रहे थे लेकिन भाजपा और गोंगपा के कार्यकर्ताओं ने विवाद शुरू कर दिया। भाजपा पदाधिकारी श्रवण वरकड़े से बात करना चाह रहे थे जबकि वे पहले से ही कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ हो गए थे और इसी बाद को लेकर विवाद शुरू हुआ। कुछ ही देर में भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच गाली गलौज और झुमा झटकी शुरू हो गई। इस दौरान पुलिस को मोर्चा संभालना पडा। थाना प्रभारी समेत पुलिस टीम ने मौके पर दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया और उसके बाद सिर्फ जनपद सदस्यों को ही चुनाव हेतु जाने की अनुमति दी गई। विवाद के बाद शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के बाद परिणामों की घोषणा की गई जिसमें कांग्रेस के ओमप्रकाश सिंह को 8 व भाजपा के प्रत्याशी मुन्ना सिंह को 5 वोट मिले। इस तरह ओमप्रकाश सिंह ने 3 मतों से अध्यक्ष पद के लिए जीत दर्ज की। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए सिद्धार्थ सिंहदेव को 8 व भाजपा प्रत्याशी शकुन्तला सिंह को 5 मत मिले। इस तरह कांग्रेस के सिद्धार्थ सिंह ने 3 मतों से जीत दर्ज की है।

### मैनपाट में एक मत से जीती भाजपा, उपाध्यक्ष निर्विरोध

मैनपाट जनपद पंचायत की बात की जाए तो यहां भाजपा ने जीत हासिल की है। चुनाव में भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए संतोषी पैकरा व तो वहीं कांग्रेस से सुशिला खेस मैदान में थे। भारी गहमा गहमी के बीच सभी 17 जनपद सदस्यों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। चुनाव में संतोषी पैकरा ने एक मत से जीत दर्ज की है। भाजपा प्रत्याशी संतोषी पैकरा को 9 व सुशिला खेस को 8 मत मिले। वहीं मैनपाट जनपद उपाध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध हुआ। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने अनिल सिंह को मैदान में उतारा था और उन्हें निर्विरोध विजयी घोषित किया गया।





# कॉलेज से घर जा रही बी कॉम की छात्रा का दिन दहाड़े अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में अपराधियों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे है और पुलिस का खौफ ही इन अपराधियों से खत्म हो गया है। यही वजह है कि अपराधी दिन दहाड़े अपहरण जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे है। शनिवार को भी कॉलेज से निकलकर घर जा रही बी कॉम की छात्रा का अपहरण कर लिया गया है। गौरव पथ से अपहरण की इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मणिपुर थाना की पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। फिलहाल पुलिस को अपराधियों के सम्बन्ध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

- गौरव पथ पर युवकों ने घटना को दिया अंजाम, परिजन ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

बताया जा रहा है कि बौरीपारा में रहने वाली युवती शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय में बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा है। छात्रा प्रतिदिन की तरह कॉलेज समाप्त होने के बाद शाम को 5.30 बजे घर जाने के लिए निकली थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान कॉलेज के बाहर गौरवपथ पर कुछ अज्ञात युवकों ने छात्रा का अपहरण कर लिया। छात्रा के अपहरण की शिकायत परिजन ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मणिपुर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा छात्रा के परिजन का बयान दर्ज करने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है लेकिन फिलहाल पुलिस को अपराधियों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस को फिलहाल आरोपियों के सम्बन्ध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इधर दिन दहाड़े गौरव पथ से छात्रा के अपहरण की घटना ने पुलिस की कार्यशैली व कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए है।

### चल रही है जांच

गर्ल्स कॉलेज के बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा घर लौट रही थी। इस दौरान अज्ञात तीन से चार व्यक्तियों द्वारा अपहरण किया है। परिजन की सूचना पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# युवती का अपहरण कर दुष्कर्म, छोटी बहन व साथियों के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

अपनी छोटी बहन और मुंहबोले भाइयों के साथ खरहरा देव स्थल घूमने गई युवती का अपहरण करने और युवतियों व युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले सभी के साथ मारपीट की और फिर युवती का अपहरण कर आरोपी ने जंगल में लेजाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

- पुलिस ने तीन आरोपियों को घेराबंदी कर किया गिरफ्तार

आरोपी ने युवती को बंधक बना लिया था लेकिन किसी तरह भागकर चौकी पहुंची युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया है। बताया जा रहा है कि चौकी क्षेत्र में रहने वाली युवती अपनी छोटी बहन और दो मुंहबोले भाइयों के साथ 7 मार्च की शाम खरहरा देव स्थल घूमने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान वहां पर तीन अज्ञात युवक पहुंच गए और युवक, युवतियों के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद आरोपियों में से एक ने युवती को जबरन जान से मारने की धमकी देकर अपनी स्कूटी में बैठा लिया और दूसरे जंगल में लेजाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी युवती को लेकर अपने रूम में चला गया और वहां बंधक बना लिया। इस दौरान देर रात किसी तरह युवती आरोपी के चंगुल से भागकर किसी तरह चौकी पहुंची और घटना की शिकायत पुलिस से की। चौकी प्रभारी धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि इस मामले को पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए घेराबंदी कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी सुनील के साथ ही मारपीट व अपहरण में सहयोग करने वाले आरोपी कृषटोफर, राजपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को मारपीट, दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त स्कूटी को बरामद कर लिया है।



8 Ambikapur-pg 2-0_Layout 1 3/8/2025 10:05 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### इंटरनेशनल क्वांन की डो सेमिनार में सरगुजा के दो कोच का चयन

**अंबिकापुर।** तीसरी अंतरराष्ट्रीय क्वांन की डो मार्शल आर्ट सेमिनार नोएडा में आयोजित होगी। इसमें छत्तीसगढ़ की टीम से टोटल चार कोच शामिल हो रहे है। कोच अमन गुप्ता, मो. शराफत, ठाकुर बहादुर और प्रतिभा साहू हिस्सा लेंगे। सरगुजा क्वांन की डो संघ के सचिव



पल्लवी ने बताया कि इस सेमिनार में सरगुजा टीम से सरगुजा के अमन गुप्ता और मो. शराफत शामिल होंगे। यह प्रशिक्षण शिविर 9 मार्च तक नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में लगेगा। छत्तीसगढ़ से चार कोच चयनित हुए हैं इसमें से दो कोच सरगुजा के हैं। प्रशिक्षण लेने के बाद छत्तीसगढ़ के चारो कोच अपने-अपने जिले के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेंगे और छत्तीसगढ़ प्रदेश क्वांन की डो संघ के आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों मे भी चारो कोच को खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने का मौका मिलेगा। चयनित होने पर क्वांन की डो मार्शल आर्ट संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय अम्बष्ट, सह सचिव सावित्री तिवारी, वसी ओवैसी, पल्लवी आदि ने बधाई दी।

### 2011 की जनगणना सूची नपं में उपलब्ध कराने पार्षद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** भारत की जनगणना 2011 की सूची नगर पंचायत बिश्रामपुर में उपलब्ध कराए जाने हेतु पार्षद ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 12 के पार्षद संजीत यादव ने उल्लेख किया है कि सन 2011 में नगर पंचायत बिश्रामपुर की जनगणना हुई थी। उस समय यहां के तत्कालीन अधिकारियों द्वारा जनगणना कार्य से संबंधित समस्त रिकार्ड जिला व राज्य में जमा करा दिया गया है। वर्तमान में नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रबंधन के पास वर्ष 2011 के जनगणना के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। इस कारण यहां के पात्र हितग्राहियों के बच्चे शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने से लगातार कई वर्षों से वंचित हो जा रहे हैं। अगर समय पर सूची उपलब्ध नहीं हुई तो इस वर्ष भी यहां के हितग्राही उक्त लाभ से वंचित रह जाएंगे। पार्षद श्री यादव द्वारा मांग किया गया है कि वर्ष 2011 जनगणना की सूची उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र के गरीब जरूरत मंद बच्चों को भी शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों के 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर प्रवेश मिल सके।

### पार्षद शीला निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित

# नपा अध्यक्ष व पार्षदों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ



मंत्री के साथ नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं समस्त पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सांसद चिंतामणि महाराज, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा नेताम, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश सोनी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। एसडीएम द्वारा अध्यक्ष सहित सभी निर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

नगर पंचायत के नगर पालिका बनने के बाद हुए चुनाव के बाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षदों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह नगर के गांधी मैदान में कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं सांसद चिंतामणि महाराज के विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। सबसे पहले नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल को एसडीएम देवेंद्र प्रधान द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, उसके बाद पांच-पांच के समूह में पार्षदों को एसडीएम द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमन अग्रवाल के शपथ ग्रहण के पश्चात पुजारी धनंजय पांडे के नेतृत्व नगर के पुजारियों के समूह द्वारा शंखनाद के साथ स्वस्ति वाचन किया गया। नगर पालिका परिषद के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कई दिन पूर्व से मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार के नेतृत्व में व्यापक स्तर में तैयारी की जा रही थी। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान गांधी मैदान में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

#### नगर विकास के प्रति रमन ने जताई प्रतिबद्धता

शपथ ग्रहण के पश्चात नगर पालिका परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद के सभी पार्षद नगर विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम सब मिलजुल कर नगर विकास में कोई कमी नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री रामविचार नेताम एवं सांसद चिंतामणि महाराज के सहयोग से विकास की नई इबादत लिखेंगे।

#### निर्विरोध चुने गए उपाध्यक्ष

नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित लरंगसाय कम्युनिटी हाल में नगर पालिका परिषद का प्रथम सम्मेलन एसडीएम प्रशासक देवेंद्र प्रधान द्वारा संपन्न कराया गया जिसमें सर्वसम्मति से वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद शीला जायसवाल निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई। वार्ड क्रमांक 12 से इसके पूर्व उनके पति मुकेश जायसवाल निर्वाचित हुए थे। आरक्षण के बाद पत्नी ने यहां से चुनाव लड़ा।

#### महिला दिवस पर महिला के नाम लगी मोहर

नगर पालिका चुनाव में भाजपा समर्थित 12 पार्षद जीते थे वहीं उपाध्यक्ष के लिए कई दावेदार थे। दावेदारों में कई काफी वरिष्ठ एवं नए लोग भी दावेदारी कर रहे थे। इस बीच आज 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन आखिरकार महिला पार्षद शीला जायसवाल निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई।

### सूरजपुर जनपद अध्यक्ष स्वाति संत , उपाध्यक्ष बने मनमत

**सूरजपुर।** जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों ही पदों पर भाजपा ने कब्जा जमाया। भारतीय जनता पार्टी से जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती स्वाति संत सिंह को 15 मत प्राप्त हुआ तो वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी भावना सिंह को 9 मत प्राप्त हुआ। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती स्वाति संत सिंह 6 मत से विजय घोषित किया गया। इसके पश्चात निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार समीर शर्मा द्वारा विजय प्रत्याशी को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान कर श्रीमती स्वाति संत सिंह के विजय होने की आधिकारिक घोषणा भी की गई, वहीं भारतीय जनता पार्टी से जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष प्रत्याशी मनमत बछाड़ को 16 मत प्राप्त हुआ तो वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी संतोष कुमार सिंह को 7 मत मिले। भाजपा प्रत्याशी मनमत बछाड़ को 9 मत से विजय घोषित किया गया। इसके पश्चात निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी रामानुजनगर अजय कुमार मोडीयम द्वारा विजय प्रत्याशी को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान कर मनमत बछाड़ के विजय होने की आधिकारिक घोषणा भी की गई। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षक रामसेवक पैकरा सहित वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, रामकृपाल साहू ठाकुर प्रसाद राजवाड़े के नेतृत्व में भाजपा के खेमे से जीत दर्ज की गई।




## नपं उपाध्यक्ष पद के वोटिंग में भाजपा-कांग्रेस टाई, भाजपा प्रत्याशी का निकला पर्चा

■ गहमा गहमी के बीच संपन्न हुआ उपाध्यक्ष पद का चुनाव

**प्रतापपुर।** भारी गहमा गहमी के बीच आज नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। नगर पंचायत कार्यालय में भाजपा एवं कांग्रेस पार्षदों प्रत्याशियों ने अपना पर्चा भरा। भाजपा से पार्षद अजीत शरण सिंह ने तो वहीं कांग्रेस से पार्षद ममता कंचन सोनी ने उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा। भारी गहमा गहमी माहौल के बीच वोटिंग प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

वोटिंग प्रक्रिया में भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों को 8-8 वोट मिलने से दोनों बराबर पाया गया जिससे वोटिंग में दोनों टाई हो गए। टाई होने के पश्चात चुनाव अधिकारियों के मौजूदगी में दोनों पक्षों से भरे प्रत्याशियों के नाम का पर्चा निकाला गया। जिसमें भाजपा प्रत्याशी अजीज शरण सिंह का पर्चा निकलने पर जीत घोषित कर दिया गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष के रूप में अजीत शरण सिंह को 9 वोटो से जीत प्राप्त हुई। भाजपा व कांग्रेस के बीच टाई होने से नगर में चर्चा का विषय बना रहा। पर्चा निकालने से पूर्व भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टी अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा किया जा रहा था। इससे पूर्व भी नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 4 में पार्षद पद के लिए संघर्षपूर्ण चुनाव हुआ था जिसमें भाजपा प्रत्याशी भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल को 154 वोट तथा कंचन सोनी नगर पंचायत अध्यक्ष को 154 वोट मिले थे जिसमें टाई होने के कारण पर्चा निकल गया था जिसमें पार्षद के लिए कंचन सोनी की एक वोट से हार हुई थी। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस के 8 पार्षदों ने चुनाव जीता तथा भाजपा के सात पार्षद निर्वाचित हुए 15 वार्ड होने के बावजूद कांग्रेस के पास एक पार्षद अधिक था। अभी आए नए नियम में अध्यक्ष का एक वोट भाजपा की तरफ बढ़ने से दोनों के आठ आठ वोट की वजह से टाई हो गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, सांसद प्रतिनिधि आनंद शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह, भाजपा नेता शिबू सिंह, अंकुर जायसवाल, अवधेश पांडे, प्रेमपाल अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



समर्थकों के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष।

## नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने ली शपथ

■ मिलकर क्षेत्र के लिए काम करने पर दिया जोर

**राजपुर।** शुक्रवार को जनपद पंचायत में नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल तिवारी ने सर्व प्रथम जनपद अध्यक्ष विनय भगत व उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल को शपथ दिलाई जिसके बाद शेष सभी सदस्यों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।

पंच, सरपंच से सीधे जनपद अध्यक्ष का सफर तय करने वाले विनय भगत ने सभी जनपद सदस्यों से कहा कि सभी को मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करना है और सभी सदस्य भी नि संकोच होकर होकर काम करे। जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने कहा कि राजपुर जनपद क्षेत्रफल की दृष्टि से बहुत बड़ा है चुनाव के प्रारंभिक दौर से ही जब हमलोग क्षेत्र में जाते थे तो गांव मे कई समस्याएं सुनने को मिली। सभी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में हर छोटी मोटी समस्याओं के समाधान का प्रयास करें। जनपद सदस्य बनने के बाद लोग दूरियां बना लेते हैं वह बहुत कम जनपद की बैठकों में शामिल होते हैं। इसलिए उनसे आग्रह है कि सभी जनपद सदस्य अधिक से अधिक बैठकों में शामिल हो ताकि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को सामने रख सके और उसका समाधान हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जनपद अध्यक्ष कमला सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान जब हम क्षेत्र में पहुंचे तो कई प्रकार की छोटी-मोटी समस्या देखने को मिली है। निर्वाचित होने के बाद हम सबका कर्तव्य है कि गांव की हर समस्याओं का समाधान मिलकर कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार जनपद में दो युवा साथी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बने हैं क्षेत्र के विकास के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे। कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल पूर्व जनपद सदस्य मुकेश गुप्ता, पूर्व जनपद सदस्य नीरज तिवारी सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रवि मरावी, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरी शंकर अग्रवाल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल तिवारी, एसडीओ आरईएस जेआर सोनवानी, श्याम लाल गुप्ता, संतोष मिश्रा, सहित सभी नवनिर्वाचित जनपद सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



शपथ लेते नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष।

### प्रीति बनी उप सरपंच

**करवां।** ग्राम पंचायत करवां में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव उपरांत उप सरपंच चुनाव ग्राम पंचायत भवन में शासन द्वारा अधिकृत नोडल अधिकारी के समक्ष हुआ। पंचायत के 20 वार्ड के पंचों द्वारा मतदान कर श्रीमती प्रीति पिंटू जायसवाल को उप सरपंच के पक्ष में मतदान कर विजयी घोषित किया गया। उप सरपंच हेतु पूरे दिन पंचायत भवन में गहमागहमी का माहौल रहा एवं परिणाम को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी रही। श्रीमती जायसवाल ने विजय घोषित होने के पश्चात अपने समर्थकों के साथ जीत का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। विजय घोषित होने के बाद पूरे समर्थकों में हर्ष का माहौल रहा। इस दौरान राजेंद्र जायसवाल, पिंटू जायसवाल, रामफल चौधरी, प्रज्ञा कुशवाहा, अजय प्रताप, शाहिद सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।






### मान-मनव्वल और खींचतान के बीच हुआ उपसरपंच का चुनाव

**सलका अधिना।** ग्राम पंचायत में आज उप सरपंच का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कहीं कहीं पंचायत में आपसी सामंजस्य बनाकर निर्विरोध उपसरपंच चुने गए तो कहीं मतदान हुआ। कई जगह पर टक्कर के मुकाबले पर पर्ची निकाल कर उपसरपंच का फैसला किया गया और निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। उपसरपंच के निर्वाचन के बाद अब गांव के विकास की बाजार का रास्ता खुल गया है। नए-नए जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र के विकास में आगे बढ़ाएंगे। ग्राम पंचायत सलका ग्राम से दीपेंद्र गुप्ता, बैजनाथपुर ग्राम में नीरज गुप्ता निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। अधीना ग्राम में राजू कुमार 10 मत तो वहीं केवटाली ग्राम में अनुराग सिंहदेव 6 और विरुद्ध में 5 वोट से उपसरपंच बने। कोटया ग्राम में गोरेलाल को 9 वोट मिले विरुद्ध में भोले को 2 मत मिला, कसकेला ग्राम में 4 प्रत्याशी मैदान में थे उसमें 21 मत पड़े जिसमें गायत्री को 7, भोला और विकास को 5-5 और टेकराम को 3 एवं एक मत रिजेक्ट हुआ। सब से जद्दोजहद चंदरपुर ग्राम पंचायत में 15 मत पड़ा जिसमें दोनों पक्ष को 7-7 मत मिले और एक रिजेक्ट हुआ, बाद में रिटर्निंग अधिकारी ने पर्ची निकाल कर विवेक दुबे को उपसरपंच का प्रमाण पत्र दिया।

**न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा(छ.ग.)**

प्रो.नं.- 108/25
उ.प्र.क्र.-04/2025
आगामी पेशी दिनांक-12/03/2025

1. नमिता खलखो पति निकोलस एक्का, उम्र 36 वर्ष, निवासी सरईकीरचा, ग्राम सरभंजा, कमलेश्वरपुर, तहसील-मैनपाट, जिला-सरगुजा छ.ग. -----आवेदिका

-:प्रति:-

1. जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)
2. हर्बल लाईफ इंटरनेशनल इण्डिया प्रा.लिमि., पी.सी. कॉम्पलेक्स नंबर 46/बी- 47 फस्ट, मेन रोड, थर्ड फेस, जे. पी. नगर, बैंगलुरू पिन-560078, कनार्टक (भारत)
3. आम जनता -----

अनावेदकगण

**आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम।**

सर्व साधारण आम जनता निवासी सरईकीरचा, ग्राम-सरभंजा, कमलेश्वरपुर, थाना कमलेश्वरपुर, तहसील-मैनपाट, जिला सरगुजा (छ.ग.) एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदिका अपने पति निकोलस एक्का, शा. कन्या उ.मा. विद्यालय प्रतापपुर, जिला सूरजपुर में व्याख्याता एल.बी. अंग्रेजी के पद पर कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु सेवाकाल के दौरान दिनांक 09.04,2024 को हो गया, आवेदिका को उसके पति के मृत्यु उपरांत अनुकम्पा नियुक्ति व ग्रेच्यूटी व अन्य राशि एवं आवेदिका के पति द्वारा हर्बल लाईफ इंटरनेशनलं कंपनी में आई. डी. नम्बर W1C1543050 से न्यूट्रिशन किया गया था, जिसको भी प्राप्त करने बाबत् उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आम नागरिक को ईस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि 12/03/2025 को नियत है।

अत इस ईस्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. निकोलस एक्का के नाम से जमा राशि एवं आवेदिका को उसके पति स्व. निकोलस एक्का के अनुकम्पा नियुक्ति जी.पी.एफ. तथा अनावेदक क्र 02 से न्यूट्रिशियन को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि 12/03/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदक को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 19/02/2025 को जारी किया गया।

**(श्रीमती बरखा रानी वर्मा)**
न्याय. द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 23 मार्च 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ.दीपक अग्रवाल
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग सम्बंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज।
दिनाँक - 09 मार्च, 2025
दिन - रविवार सुबह 11 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरुवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना। • पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
• पेशाब में जलन। • गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना। • पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• पेशाब बार-बार होना। • पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
• किडनी, पेशाब थैली। • अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 9 मार्च 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
• पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
• झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
• Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
• जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
• लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
• Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 8 मार्च 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिक एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. भुवन शर्मा MD, DM (Neurologist)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ... डॉ संजय कुमार अग्रवाल MBBS, MD Medicine (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanasi
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. करण सराफ M.D. (MEDICINE), DM (Nephrology)
छ.ग. के विशेष स्पाईन एण्ड पेन मैनेजमेंट डॉ. बी. मिंज MBBS,MD FIPM (Fellowship in Pain Management)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
09 मार्च 2025 प्रत्येक माह के दूसरे रविवार
रायपुर के सुप्रसिद्ध स्पाईन सर्जन एवं न्यूरोसर्जन डॉ. मनीष टावरी MS, MCH (Nerosurgery)
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
• जटिल अस्थमा (दमा) • टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB • गले व छाती में कफ संबंधित समस्या • बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
• छाती में भारीपन और सांस फूलना • छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना • छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
• खांसी, जुकाम एवं एलर्जी • बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी • खांसी में खून आना

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। • ऑपरेशन द्वारा ईलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी • एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी • गले की लेजर सर्जरी • खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना • दांतो की नसों का इलाज • दांतों की सफाई व चमकाना • दंत प्रत्यारोपण • मुंह के कम खुलने का इलाज • दांतों में ज्वेलरी लगाना • बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

8 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 3/8/2025 10:00 PM Page 1



## कलेक्टर से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

# महिला शिक्षकों ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य एवं व्याख्याता पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल केशवपुर में पदस्थ महिला संविदा शिक्षकों ने प्राचार्य संतोष कुमार साहू एवं व्याख्याता अनिल त्रिपाठी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है तथा दुर्व्यवहार करने के साथ ही मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। शिक्षकों ने मामले की शिकायत कलेक्टर से कर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायत में महिला संविदा शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि प्राचार्य संतोष कुमार साहू एवं व्याख्याता अनिल त्रिपाठी उन्हें परेशान कर मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित करते हैं तथा वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने पर संविदा समाप्त करने की चेतावनी देते है। शिशुपती शिक्षकों को बच्चों को साथ ले जाने की अनुमति है लेकिन शिक्षकों को स्तनपान कराने के लिए ब्रेक की व्यवस्था नहीं है। शिशुओं को स्तनपान कराने वाली महिलाओं का वेतन काटकर नियमित भुगतान किया जा रहा है। स्कूल के कमरों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे की प्राइमरी के प्राचार्य एवं व्याख्याता नियमित उनकी स्टॉकिंग करते हैं। कम उम्र की महिला शिक्षकों पर कैमरा फोकस कर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से शिक्षिकाओं को धमकाया जाता है तथा पुरूष शिक्षकों के मोबाइल से फोटो भेजा जाता है। शासकीय स्कूलों में ड्रेस कोड लागू नहीं है लेकिन महिलाओं के लिए हर मौसम में साड़ी पहनने को अनिवार्य किया गया है। ड्रेस को लेकर कई बार धमकी भी दी जाती है। स्टाफ रूम कॉमन होने के कारण भी महिला शिक्षकों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। बालकों के वाशरूम में सीसीटीवी लगाया गया है जिसे प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारी अपने मोबाइल पर देखते रहते हैं।




प्रशासन द्वारा समय पूर्व वेतन का भुगतान प्राचार्य के खाते में किया जाता है लेकिन अनिल त्रिपाठी जानबूझकर विलंब से बिल भेजते हैं जिससे माह के द्वितीय सप्ताह में वेतन भुगतान होता है जिससे उन्हें बैंक से अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्राचार्य द्वारा व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में बात करने पर प्राचार्य नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं। अनिल त्रिपाठी महिला शिक्षकों को ऑफिस में बुलाकर अपमानित करते हैं। प्राचार्य श्री त्रिपाठी को अपना मित्र बताकर सारे मामलों को रफा दफा कर देते हैं। अनिल त्रिपाठी हिन्दी माध्यम के गणित शिक्षक हैं लेकिन अपनी कक्षाएं नहीं लेते न ही समय पर उपस्थित ही होते हैं। वे अंग्रेजी माध्यम स्कूल के समय पर कार्यालयीन कार्य के बहाने देर तक शिक्षकों को रोक कर रखते हैं। गणित शिक्षक का पद रिक्त होने के बावजूद वे बच्चों को नहीं पढ़ाते। मीटिंग एवं डिपार्चर ड्यूटी के नाम पर महिलाओं को देर शाम तक रोकते हैं। मीटिंग के नाम पर 28 फरवरी को महिला शिक्षकों को 6.45 बजे छुट्टी दी गई। प्राचार्य ने मनमानी तरीके से हिन्दी माध्यम के व्याख्याता को उप प्राचार्य के रूप में थोप दिया है। प्राचार्य एवं व्याख्याता द्वारा उपस्थिति पंजी में वरिष्ठता क्रम में मनमानी पूर्वक फेरबदल किया गया है। विद्यालय में कम्प्यूटर लैब है लेकिन इसका कोई उपयोग नहीं होता । कम्प्यूटर शिक्षिका को अध्यापन से अलग कर कार्यालय में पदस्थ किया गया है। पिछले दिनों प्रभारी प्राचार्य ने एक आदिवासी शिक्षक को कार्यालय में बुलाकर जमकर अपमानित किया। शिक्षकों ने प्रभारी प्राचार्य पर अपने चहेते शिक्षकों को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अनुमति दी गई है। चहेते संविदा कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका संधारित की गई है जबकि अन्य शिक्षकों की सेवा पुस्तिका को अब तक संधारित नहीं किया गया है। उच्च कार्यालय द्वारा ड्यूटी लगाने पर प्राचार्य जाने की अनुमति नहीं देते जिससे उनकी छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। विज्ञान शिक्षिका को अध्यापन कार्य से अलग कर कार्यालय में रखा गया है जिससे परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहा है। शिक्षकों के यात्रा देयक का भी भुगतान नहीं किया जाता है। स्कूल प्रबंधन मध्याह्न भोजन के लिए बच्चों की लगातार फर्जी संख्या भेज रहा है तथा प्राचार्य एवं चहेते शिक्षक स्वयं आफिर में बैठकर बच्चों का मध्यान्ह भोजन खाते हैं। प्राचार्य एवं शिक्षकों का भोजन अलग से बनता है। मध्याह्न भोजन का बिल पास कराने के नाम पर अनिल त्रिपाठी हर महीने 2500 वसूलते हैं। एडमिशन में भी प्राचार्य एवं व्याख्याता जमकर अनियमितता कर रहे हैं तथा दो सालो से आवेदन नहीं करने वाले बच्चों को भी प्रवेश दिया जा रहा है। विद्यालय में विज्ञान क्लब की कोई गतिविधि नहीं होती तथा प्राचार्य पूरी राशि हड़प लेते हैं। गणित पढ़ाने के नाम पर अनिल त्रिपाठी बच्चों को शाम 3 बजे तक रोकते हैं तथा आफिस कार्य के नाम पर उन्हें बैरंग भेज देते हैं। लंच ड्यूटी के नाम पर महिला शिक्षकों को लंच करने का समय नहीं दिया जाता। उन्हें निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व उपस्थित होने निर्देशित किया गया है। अपार आईडी के नाम पर उन्हे देर शाम तक रोका जाता है। महिला शिक्षकों ने अपनी 30 बिंदु के शिकायत में प्राचार्य एवं व्याख्याता पर कई गंभीर आरोप लगाया है तथा वरिष्ठ अधिकारियों से इसकी जांच उपरांत प्राचार्य व व्याख्याता पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## पेड़ से टकराई बोलेरो, दो लोगों की मौत, एक गंभीर

**प्रतापपुर।** बोलेरो चालक राम कुमार कोडाकू (35 वर्ष) आज सुबह रामनाथ (45 वर्ष) व मुनेश्वरी (35 वर्ष) के साथ बोलेरो वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 2917 से प्रतापपुर की ओर से बलरामपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वाहन सवार बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर चौक के समीप पहुंचे तभी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गई और एयर बैग खुल गया था। दुर्घटना में चालक राम कुमार व सामने बैठा रामनाथ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से वाहन में फंसे चालक व युवक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल वहीं घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि चालक शराब पी रखा था। नशे में धुत होने के कारण दुर्घटना होने की बात कही जा रही है।

